## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 10.04.2024 (दोपहर–1310 बजे)

### मुख्य समाचार

1- पूर्व विधायक पौलुस सुरीन और नक्सली जेठा कच्छप को दोहरे हत्याकांड में आजीवन कारावास की सजा, रांची के अपर न्यायायुक्त दिनेश कुमार की अदालत ने सुनाया फैसला।

2- भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा –युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर है केंद्र सरकार का जोर, झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा–भाजपा के इशारे पर हेमंत सोरेन को भेजा गया जेल।

3- रांची सहित राज्यभर में कल निकलेगी सरहुल की शोभायात्रा, रांची में वाहनों के प्रवेश पर रोक, कल ही मनेगी ईद, सुरक्षा को लेकर एक हजार अतिरिक्त जवान तैनात।

4- अंडर–17 राष्ट्रीय स्कूली खेल एथलेटिक्स प्रतियोगिता में झारखंड का शानदार प्रदर्शन, राज्य के खिलाड़ियों ने जीते दो स्वर्ण सहित पांच पदक।

*******************

पूर्व विधायक पौलुस सुरीन और नक्सली जेठा कच्छप को दोहरे हत्याकांड मामले में आज आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। रांची के अपर न्यायायुक्त दिनेश कुमार की अदालत ने यह फैसला सुनाया। पुलिस मुखबिर होने के आरोप में वर्ष 2013 में खूंटी के तोरपा में भूषण कुमार सिंह और राम गोबिंद की हत्या मामले में दोनों को दोषी करार दिया गया है। अदालत ने पौलुस सुरीन पर पच्चीस हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है, जबकि जेठा कच्छप पर पैतालीस हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। जुर्माने की राशि नहीं देने पर दोनों को एक साल की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। इससे पूर्व छह अप्रैल को अदालत ने मामले में ट्रायल फेस कर रहे तीन महिला और कृष्णा महतो को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया था। जबकि दोनों आरोपियों को दोषी करार दिया था। बता दें कि पौलुस सुरीन दो बार झामुमो के विधायक रह चुके हैं।

*******************

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पिछले 70 सालों में कांग्रेस सरकार ने जो नहीं किया, उसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने महज 10 सालों में पूरा कर दिखाया है। उन्होंने कहा कि श्रीमोदी सिर्फ घोषणाएं और संकल्प पत्र जारी नहीं करते बल्कि धरातल पर काम करते हैं। प्रधानमंत्री ने युवाओं की ओर ध्यान देते हुए स्किल इंडिया, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, आत्मनिर्भर भारत, प्रधानमंत्री मुद्रा ऋण योजना समेत कई योजनाओं की शुरुआत की जिससे युवा आगे बढ़ रहे हैं। श्रीमरांडी भारतीय जनता युवा मोर्चा रांची महानगर की ओर से कल रांची में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

उधर झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने केन्द्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि जब चुनाव नजदीक आया तो हमारे नेता हेमंत सोरेन को जेल में डाल दिया गया। हरमू स्थित पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि हेमंत सोरेन को चुनाव प्रचार से रोकने के लिए जेल भेजा गया है।

*******************

केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा अपने चुनावी दौरे के क्रम में खरसावां के हलुदबनी में आयोजित एक संकीर्तन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि देश की जनता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर विश्वास है। उनकी योजनाएं धरातल पर पहुंची है और लोग उनसे जुड़े हैं और एक बार फिर श्रीमोदी को प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहते हैं।

*******************

हजारीबाग जिले में मतदाताओं की भागीदारी और वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने को लेकर स्वीप के तहत साइकिल रैली का आयोजन किया गया। यह रैली झील परिसर से शुरू हुई .जिसमें 100 से अधिक युवक युवतियों ने शहर का भ्रमण कर मतदाताओं को जागरूक किया। वहीं पाकुड़ के सूचना जनसंपर्क विभाग और डीएवी पब्लिक स्कूल की ओर से स्वीप कार्यक्रम के तहत लोगो को मतदान के लिए जागरूक किया गया।

*******************

लोकसभा चुनाव के दौरान सुरक्षा को लेकर गुमला जिले के 25 बूथों को पुर्नस्थापित किया गया है।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

*******************

राजधानी रांची सहित राज्यभर में त्योहारों को लेकर उत्साह का माहौल है। वासंतिक नवरात्र, सरहुल और ईद को लेकर विशेष तैयारी की जा रही है। कल सरहुल की शोभायात्रा निकाली जायेगी और कल ही ईद भी मनेगी। इसे लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। राजधानी रांची में एक हजार अतिरिक्त जवानों की तैनाती की गई है। सरहुल की शोभायात्रा को लेकर कल दोपहर एक बजे से जुलूस की समाप्ति तक रांची के मेन रोड में वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। वहीं दूसरी ओर रांची शहरी क्षेत्र में कल सुबह छह बजे से रात साढ़े बारह बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक रहेगी। सभी भारी वाहनों का परिचालन रिंग रोड होकर होगा।

पुलिस प्रशासन ने लोगों से सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील की है। सरहुल की शोभायात्रा के दौरान आपात स्थिति से निपटने के लिए रांची सिविल सर्जन कार्यालय की ओर से चार अलग–अलग टीमों का गठन किया गया है। वहीं झारखंड पाहन महासंघ ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से मुलाकात कर सरहुल की शोभायात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। इधर रांची विश्वविद्यालय के दीक्षांत मंडप में आज शाम सरहुल पूर्व संध्या समारोह का आयोजन किया जायेगा।

*******************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में हुई बस दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति मुर्मू ने इस खबर को दुखद बताया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने

की कामना की है। प्रधानमंत्री मोदी ने आश्वासन दिया कि स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हर संभव मदद करने में जुटा है। बता दें कि छत्तीसगढ़ के दुर्ग में एक बस के खाई में गिर जाने से 12 लोगों की मौत हो गई है।

*******************

देवघर जिले के सोनारायठाढी थाना क्षेत्र में आज दो मोटरसाइकिलों की सीधी टक्कर में दोनों सवारों की मौत हो गई। दोनों मोटरसाइकिल की टक्कर के बाद स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस बुलाई और घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

*******************

सरायकेला–खरसावां जिले के आदित्यपुर थाना क्षेत्र में कल रात नौ बजे अपराधियों ने बमबारी की घटना को अंजाम दिया है। इस घटना में झामुमो से जुड़े एक नेता समेत फाइबर व्यवसायी घायल हुए हैं।

*******************

गोड्डा के मेहरमा थाने की पुलिस ने एक किलो से अधिक गांजे के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा अलग अलग मामलों में 3 अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है।

*******************

अंडर–17 राष्ट्रीय स्कूली खेल एथलेटिक्स प्रतियोगिता में झारखंड के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण सहित पांच पदक जीता है। पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्लेक्स परिसर में आयोजित 67वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता के अंतिम दिन कल झारखंड के खिलाड़ियों ने 400 मीटर रिले दौड़ में स्वर्ण पदक जीता। वहीं 100 मीटर रिले दौड़ मे भी झारखंड ने रजत पदक प्राप्त किया है। कुल मिलाकर झारखंड को पांच पदक प्राप्त हुए हैं जिसमें दो स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक शामिल हैं।

*******************

विश्व स्वास्थ्य संगठन–डब्ल्यूएचओ की 2024 वैश्विक हेपेटाइटिस रिपोर्ट के अनुसार, हेपेटाइटिस के कारण जान गंवाने वालों की संख्या बढ़ रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने चेतावनी दी है कि हर दिन हेपेटाइटिस वायरस से साढे तीन हजार से अधिक लोग मरते हैं और वैश्विक स्तर पर यह संख्या बढ़ रही है।

*******समाप्त***********